पंजाब केसरी 13/12/2023

विकसित भारत/2047 वॉयस ऑफ द यूथ प्लेटफॉर्म के लॉन्च प्रोग्राम में भाग लेते जी.एम.एन. कालेज के छात्र। (चंद्रमोहन)

विकसित भारत/2047 वॉयस ऑफ द यूथ प्लेटफॉर्म के लॉन्च प्रोग्राम में शामिल हुए जी.एम.एन. कालेज के छात्र

अम्बाला, 12 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों को विकसित भारत/2047 वॉयस ऑफ द यूथ प्लेटफॉर्म के लॉन्च प्रोग्राम में भाग लेने का अवसर मिला जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रभावशाली संबोधन शामिल था।

कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान छात्र विचारोत्तेजक चर्चाओं और इंटरैक्टिव सत्रों में शामिल रहे जो भारत की प्रगति में योगदान देने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह आयोजन युवा जुड़ाव और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

उन्होंने बताया कि जी.एम.एन. कालेज से बड़ी संख्या में विद्यार्थी और संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय विकास के प्रति अपने उत्साह और विकासशील भारत 2047 की परिवर्तनकारी दृष्टि को प्रदर्शित करते हुए इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

इसके माध्यम से प्रधानमंत्री ने लोगों के व्यक्तित्व विकास में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई देश अपने लोगों के विकास से ही विकसित होता है।

डा. रोहित दत्त ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विकसित भारत/2047 के विजन और इस दिशा में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।

इस लक्ष्य को पूरा करने में हमारे युवाओं की भूमिका सुनिश्चित होनी चाहिए। सभी शिक्षण संस्थानों को भी इसमें अपनी महती भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि जब देश का युवा देश के बारे में सोचेगा, तभी सशक्त समाज का निर्माण हो सकता है।